
# 7. इ ( ि ) की मात्रा वाले शब्द

## देखो पढ़ो और समझो

| | | | |
|---|---|---|---|
| ि + क = कि | ि + च = चि | ि + ट = टि | ि + त = ति |






ि + ह + र + न = हिरन

ि च + ि + ड़ + य + ा = चिड़िया



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कवि | सिर | दिन | गिर | लिख |
| दिया | फिर | पिन | रवि | किला |
| चित्र | बिल | मित्र | हरि | मिला |

| | | | |
|---|---|---|---|
| विचार | किरण | नदिया | सितार |
| विमान | किनारा | बारिश | तकिया |
| किसान | शिकार | बढ़िया | घटिया |





| | | |
|---|---|---|
| रविवार | नारियल | साइकिल |
| किशमिश | परिवार | शनिवार |

# पढ़ो और समझो





दिन निकल आया। विमला अब जाग। तकिया, चादर रख। विमल पाठशाला जा। नितिन दिन निकल आया। किताब निकाल कर पढ़। विमला गिटार मत बजा। चिड़िया उड़ जा। सविता उधर मत जा। अनिल शिकार मत कर। सरिता कविता लिख। डाकिया आया। नितिन का खत लाया। साइकिल पर बाजार जा। नारियल ला। रवि चिड़िया मत पकड़। फिर गिटार बजा। विमल भाग कर जा। विमल खटिया पर चादर बिछा। किसान पत्र लाया। सविता लिफाफा दिखा। पत्र अनिल का था। पत्र पर हमारा पता लिखा था।

## अभ्यास

### 1. चित्र देखकर उनके नाम लिखिए–







### 2. शब्द चुनकर खाली स्थानों में भरिए–

रवि .......................... मत पकड़। (चिड़िया/धनिया)

विमला .......................... पर चादर बिछा। (मेज/खटिया)

विमला .......................... मत बजा। (गिटार/किताब)

### 3. 'इ' की माता ( ि ) लगाकर शब्द पूरे कीजिए–

| | | |
|---|---|---|
| ....दल | ....वचार | ....झल ....मल |
| ....च ....ड़या | स ....रता | ....कनारा |
| ....दन | ....सतार | ....टकट |

### 4. सुलेख लिखिए–

| किरण | विकास | साइकिल | किशमिश |
|---|---|---|---|
| .................... | .................... | .................... | .................... |
| .................... | .................... | .................... | .................... |

# 8. ई ( ी ) की मात्रा वाले शब्द

## देखो पढ़ो और समझो

| | | | |
|---|---|---|---|
| क + ी = की | च + ी = ची | ट + ी = टी | त + ी = ती |





| | | |
|---|---|---|
| ब + क + र + ी = बकरी | द + ी + प + क = दीपक | म + छ + ल + ी = मछली |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| चील | घड़ी | हरी | लड़ी | गीत |
| खीर | झील | परी | पानी | वीर |
| दरी | मील | नदी | हाथी | तीर |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मछली | दीपक | शीतल | पसीना | तितली |
| पीतल | असली | जीवन | महीना | दीवार |
| नकली | सिपाही | लड़की | नीरज | कमीज |





| | | |
|---|---|---|
| पिचकारी | नाशपाती | दीपावली |
| आसमानी | नकलची | बरसाती |

# पढ़ो और समझो



एक माली आया। नाशपाती और पपीता लाया। चपरासी पानी लाया। मिल कर पपीता खाया। नाशपाती फीकी थी। पतली-पतली ककड़ी भी खाई।

तभी दादी, मीरा आ गई। वह लीची लाई। दीपक आया। बरफी लाया। नीरज जल की गगरी लाया। मनीष आ। दीपक जला। शाम ढल गई। अब भगवान की आरती कर। मनीष पीतल की थाली लाया।

हर तरफ हरियाली थी। चीता पानी पी रहा था। बकरी घास खा रही थी। तितली इधर-उधर उड़ रही थी। काली गाय हरी घास खा रही थी।

# अभ्यास

## 1. वर्णों के साथ 'ई' की मात्रा ( ी ) लगाकर शब्द बनाइए–

क+क+ड़+.... = ........................ ग+ग+र+.... = ........................

ल+....+च+.... = ........................ आ+र+त+.... = ........................

ल+ड़+क+.... = ........................ ब+क+र+.... = ........................

## 2. चित्र देखकर सही स्थान पर 'ई' की मात्रा ( ी ) लगाइए–







पप....ता मछल.... बकर....

## 3. सुलेख लिखिए–

माली आया पपीता लाया

.................... .................... .................... ....................


.................... .................... .................... ....................

.................... .................... .................... ....................

# 9. उ ( ु ) की मात्रा वाले शब्द

## देखो पढ़ो और समझो

| | | | |
|---|---|---|---|
| क + ु = कु | च + ु = चु | ट + ु = टु | त + ु = तु |





| | | |
|---|---|---|
| ग+ ु +ल +ा +ब = गुलाब | क+ ु +त्+त+ा = कुत्ता | स+ा+ब+ ु +न = साबुन |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तुम | गुड़ | बुन | मधु | दुम |
| पुत्र | पुल | अनु | धुन | खुश |
| चुप | पशु | छुप | सुख | झुक |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| चतुर | धनुष | कुटिया | सुपारी | पुजारी |
| सुरमा | गुजर | यमुना | दुकान | पुकार |
| जुराब | चुनाव | मुकुट | गुड़िया | पुलाव |





| | | |
|---|---|---|
| फुलवारी | मुसाफिर | गुजरात |
| फुटपाथ | चुटकुला | चुपचाप |

# पढ़ो और समझो



गुरुवार का दिन था। सुबह-बहुत सुहानी हवा चल रही थी। सुबह उठकर दातुन कर। सुनील नदी पर जा। साबुन मल कर नहा। चुपचुप बुलबुल का गाना सुन फुलवारी चल। पुल पर मत चढ़। सुनील खाना खाकर पाठशाला जा। सुमन आई अपनी गुड़िया लाई। सुमन चल गुलाब जामुन खा। सुबह-सुबह बुलबुल आई। फुदक-फुदक कर बुलबुल गाती। तितली भी इधर-उधर फुदक रही थी। फिर पुजारी की कुटिया पर गई कुसुम दीदी आई। चुहिया उसके कपड़े कुतर गई। सुमन सुराही उठा कर पानी भर लाई।

## अभ्यास

### 1. चित्र पहचान कर शब्द पूरे कीजिए–





......लाब ......टिया ......ड़िया

### 2. वर्णों के साथ 'उ' की मात्रा ( ु ) लगाकर शब्द बनाइए–

म+ध+.....+र = ........................ सा+ब+.....+न = ........................

ग+.....+ड़ि+ या = ........................ म+.....+र+गा = ........................

जा+म+.....+न = ........................ ध+न+.....+ष = ........................

### 3. चित्र पहचानकर सही शब्दों से मिलाइए–




कुटिया

कुत्ता

साबुन

कछुआ





# 10. ऊ ( ू ) की मात्रा वाले शब्द


## देखो पढ़ो और समझो

| क + ू = कू | च + ू = चू | ट + ू = टू | त + ू = तू |
|---|---|---|---|





| फ + ू + ल = फूल | स + ू + र + ज = सूरज | क + ब + ू + त + र = कबूतर |
|---|---|---|



भूप
फूल
धूल

भालू
काजू
जादू

दूध
धूप
घूम

चालू
आलू
चूना

कूल
भूख
सूट

चूरन
सूरज
कसूर


बदबू
नाखून
तराजू

सूरत
पूरन
तूफान

पूरब
खजूर
नाखून

जुनून
सूजन
लंगूर





अमरूद
चबूतरा

तरबूज
फूलदान

कबूतर
मजदूर

# पढ़ो और समझो



सूरज निकला। फूल खिल गया। दूध वाला आया। सूरज फुलवारी जा। फूल चुन। सावन का महीना आया। आम की डाल पर झूला पड़ा था। धूप चली गई। अमरूद खा। खजूर ला।

भालू आया। भालू झूम-झूम कर नाचा। बालक खूब खुश हुए। राजू खरबूजा खा रहा था। मीनू आई खजूर लाई। मूली मत काट। फूलदान सजा सूट पहनकर दुकान जा। सूरज डूब गया। भगवान की पूजा कर। दूध वाला दूध लाया। गरम-गरम दूध पी। जूता पहन कर बाजार जा। काजू ला।

# अभ्यास

## 1. अक्षरों के साथ 'ऊ' की मात्रा ( ू ) लगाकर शब्द बनाइए–

झ+ ....... +ला = ..............................

का+ज+ ....... = ..............................

त+र+ब+ ....... +ज = ..............................

स+ ....... +र+ज = ..............................

## 2. शब्द चुनकर खाली जगह पर लिखिए–

.............. निकला। .............. खिल गया। (फूल/सूरज)

.............................. झूम-झूम कर नाचा। (भालू/आलू)

राजू .............................. खा रहा था। (खरबूजा/पत्थर)

## 3. दिए गए चित्रों में 'उ' और 'ऊ' की मात्रा का प्रयोग करके नाम लिखिए–







## 4. रंगीन अक्षरों पर ऊ की मात्रा लगाकर शब्द पूरा कीजिए–

सरज ..............................

पतलन ..............................

तफान ..............................

चहा ..............................


जता ..............................

तरबज ..............................

# 11. ए (े) की मात्रा वाले शब्द

## देखो पढ़ो और समझो

| | | | |
|---|---|---|---|
| क + े = के | च + े = चे | ट + े = टे | त + े = ते |


| | | |
|---|---|---|
| श + े + र = शेर | क + े + ल + ा = केला | स+प+ े +र+ा = सपेरा |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बेल | पेड़ | देर | मेरा | तेरा |
| जेल | रेल | मेला | तेल | खेल |
| तेज | बेर | सेठ | जेब | सेब |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सवेरा | रेशम | चमेली | बेलन | सफेद |
| सितारे | केतली | पहेली | सेवक | जलेबी |
| किनारे | जेवर | हथेली | नरेश | गणेश |





| | | |
|---|---|---|
| रेलगाड़ी | मेहमान | लालटेन |
| पेशावर | थानेदार | सेवाराम |

# पढ़ो और समझो



सवेरा हुआ। सुकेश ने नए कपड़े पहने। रेखा और उमेश मेला देखने गए। राकेश, दिनेश और मुकेश भी साथ गए। रेखा ने केले खरीदे। सबने केले, पेड़े, जलेबी, सेब व पेठे खाए। एक चीनी लड़के ने जादू के खेल दिखाए। फिर हाथी ने अपने करतब दिखाए। भालू काले व बड़े-बड़े जूते पहन कर आया। शेर अभी कटघरे के भीतर गया। वानर ने साइकिल चलाई। बीस रुपये के बारह केले आए। नरेश मेरे पढ़ने के लिए एक किताब लेकर आ। सब खेलते-कूदते घर वापस आ गए। सूरज छिपने से पहले वे सब घर वापस आ गए। सब बड़े खुश थे।

## अभ्यास

### 1. अक्षरों के साथ 'ए' की मात्रा ( े ) लगाकर शब्द बनाइए–

स+व+....+रा = ........................ न+....+व+ला = ........................

ख+....+ल = ........................ क+प+ड़+.... = ........................

च+म+....+ली = ........................ ग+ण+....+श = ........................

### 2. रंगीन अक्षरों पर 'ए' की मात्रा लगाइए और खाली स्थान भरिए–

रल = ........................ कला = ........................

पड़ = ........................ सफद = ........................

### 3. सही अक्षर पर 'ए' की मात्रा ( े ) लगाकर शब्दों को ठीक लिखिए–

रशेम ........................ सेपरा ........................

सवेक ........................ सेफद ........................

### 4. चित्रों को शब्दों के साथ मिलाइए–





रेल

सेब

सपेरा

